केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, छिंदवाड़ा ने 73वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया

केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, छिंदवाड़ा में आज 26 जनवरी 2022 को 73वां गणतंत्र दिवस विद्यालय परिसर में कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया | विद्यालय प्रमुख प्राचार्य श्री विजय गर्ग के द्वारा सभी विद्यालय कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया | साथ ही सम्मानपूर्वक राष्ट्रगान का गायन किया गया | तत्पश्चात प्राचार्य महोदय के द्वारा गणतंत्र दिवस की परिभाषा, मूल अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के बोध के साथ महत्त्व एवं अनुशासन पर प्रकाश डाला गया | उप-प्राचार्य श्री डी. के. तिवारी द्वारा गणतंत्र दिवस से जुड़ी यादगारों को साझा करते हुए संविधान एवं विभिन्न गणतंत्रात्मक राज्यों की परिभाषा एवं महत्त्व को उजागर किया गया | श्री प्रेम कुमार पटले, स्नातकोत्तर शिक्षक (इतिहास) के द्वारा गणतंत्र दिवस के इतिहास पर सारगर्भित जानकारी दी गई | श्रीमती शैलजा डेहरिया (संगीत शि.), श्रीमती जूली सिंघई (संगीत शि.) एवं श्रीमती पुष्पा नायडू स्नातकोत्तर शिक्षिका (अंग्रेजी) के द्वारा सुमधुर देशभक्तिपूर्ण गीतों की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ | समय के साथ नई तकनीकि सोशल मीडिया का प्रयोग करते हुए फेसबुक पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया |